केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

**CBSE/Coord/LOC X/XII//2025-26/** **Dated: 17.09.2025**

**सेवा में,**

**प्रधानाचार्य,**
**सीबीएसई से संबद्ध सभी विद्यालय**
(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)

**विषय: कक्षा X (प्रथम परीक्षा) और कक्षा XII (मुख्य परीक्षा) – 2025-26 के लिए 'उम्मीदवारों की सूची' (एलओसी) में छात्रों का डेटा सही ढंग से प्रस्तुत करने हेतु जागरूकता – के संबंध में।**

**महोदया/महोदय,**

कृपया बोर्ड की अधिसूचना संख्या CBSE/LOC/X-XII/2025-2026, दिनांक 27.08.2025 का संदर्भ लें, जिसमें यह निर्देश दिया गया था कि मुख्य बोर्ड परीक्षा 2025-26 के लिए सभी पात्र उम्मीदवारों का डेटा प्रस्तुत करते समय, विद्यालय निम्नलिखित बातों के लिए उत्तरदायी होंगे:

**1. छात्र/माता/पिता/अभिभावक के नाम की वर्तनी सही हो और वह विद्यालय के रिकॉर्ड/प्रवेश एवं निकासी रजिस्टर के अनुसार हो।**

**2. जन्म तिथि सही हो और वह विद्यालय के रिकॉर्ड/प्रवेश एवं निकासी रजिस्टर के अनुसार हो।**

**3. विषयों का संयोजन सही हो और 'अध्ययन योजना' के अनुसार हो। विषय कोड सही ढंग से चुने गए हों और एलओसी में भरे गए हों, विशेष रूप से निम्नलिखित विषयों में:**

**क) कक्षा X में:**
हिंदी–ए (002), हिंदी–बी (085), उर्दू–ए (003), उर्दू–बी (303), गणित मानक/स्टैंडर्ड (041), गणित बेसिक (241) आदि।

**ख) कक्षा XII में:**

हिंदी कोर (302), हिंदी वैकल्पिक (002),
अंग्रेजी कोर (301), अंग्रेजी वैकल्पिक (001),
संस्कृत कोर (322), संस्कृत वैकल्पिक (022),
उर्दू कोर (303), उर्दू वैकल्पिक (003),
गणित (041), अनुप्रयुक्त गणित (241) आदि।

4. ऐसे उम्मीदवारों के लिए मांगी जा रही सुविधाओं हेतु, डेटा को CWSN पोर्टल पर भी समानांतर रूप से अपडेट किया जाना चाहिए।
कक्षा X/XII की एलओसी के डेटा में सटीकता सुनिश्चित करने हेतु, सभी संबंधित हितधारकों को दिनांक 11 सितंबर, 2025 को एक अनुस्मारक भी जारी किया गया है।

इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि स्कूलों और छात्रों को गलत डेटा के कारण कोई समस्या न हो, सीबीएसई ने निम्नलिखित नए कदम उठाए हैं:-

**1. एलओसी प्रस्तुत करने के बाद भी, अंतिम तिथि तक सुधार की अनुमति है**

यदि किसी स्कूल ने डेटा को अंतिम रूप दे दिया है और उसे पता चलता है कि किसी उम्मीदवार का डेटा गलत भरा गया है, तो सीबीएसई ने स्कूल को यह अवसर दिया है कि वह एलओसी प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि समाप्त होने से पहले, उस डेटा को स्वयं ठीक कर ले। 27.08.2025 को जारी परिपत्र में दी गई जानकारी नीचे दी गई है:

"यदि किसी स्कूल ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर एलओसी प्रस्तुत कर दी है और शुल्क का भुगतान भी कर दिया है, और स्कूल को यह पता चलता है कि कुछ डेटा गलत प्रस्तुत हो गया है, तो ऐसे मामलों में, स्कूल अंतिम तिथि के भीतर डेटा को ठीक कर सकता है। यदि डेटा की समीक्षा करने पर किसी अतिरिक्त शुल्क की आवश्यकता होती है, तो उसका भुगतान भी स्कूल द्वारा ऑनलाइन किया जाएगा।"

**2. डेटा सत्यापन पर्ची (Data Verification Slip) तैयार करना**

एलओसी को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने के बाद, स्कूल प्रत्येक उम्मीदवार के लिए एक डेटा सत्यापन पर्ची तैयार कर सकेंगे और उन्हें प्रदान कर सकेंगे। यदि उस चरण में किसी भी डेटा में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो स्कूल उस चरण में भी उसे अपडेट कर सकेंगे। 27.08.2025 को जारी परिपत्र में दी गई जानकारी नीचे दी गई है:

"अंतिम तिथि के बाद, स्कूलों द्वारा प्रत्येक उम्मीदवार के लिए एक डेटा सत्यापन पर्ची तैयार की जाएगी। यदि डेटा—अर्थात उम्मीदवार/माता/पिता/अभिभावक का नाम, जन्म तिथि, या चुने गए विषय—में कोई गलती स्कूल/उम्मीदवार को नज़र आती है, तो सीबीएसई 13.10.2025 से 27.10.2025 तक उसमें सुधार करने की अनुमति देगा। एक बार यह प्रक्रिया और समय-सीमा समाप्त हो जाने के बाद, बोर्ड द्वारा किसी भी सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी।"

**कृपया ध्यान दें:-**

इसके अलावा, एक बार यह दी गई समय-सीमा समाप्त हो जाने के बाद, परीक्षा 2025-26 के लिए छात्र/माता-पिता के नाम, जन्म तिथि, या विषय में किसी भी प्रकार के सुधार के अनुरोध पर सीबीएसई द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

बोर्ड द्वारा उपरोक्त प्रयास यह सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे हैं कि परीक्षा 2025-2026 के लिए स्कूलों द्वारा सही डेटा प्रस्तुत किया जाए। अतः, स्कूलों को एक बार फिर निर्देश दिया जाता है कि वे एलओसी प्रस्तुत करते समय, उम्मीदवारों का सही डेटा समय पर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। कक्षा IX/XI के लिए पंजीकरण डेटा प्रस्तुत करते समय भी इसी का अनुरोध किया जाता है।

भवदीय,
हस्ता/-
**(डॉ. संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**

**नीचे दर्शाए गए संबंधित निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को प्रतिलिपि भेजी जा रही है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी स्कूलों तक यह जानकारी पहुँचाएँ:**

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18, इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, दिल्ली –110016. commissioner-kvs@gov.in
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर–62, इंस्टीट्यूशनल एरिया, नोएडा–201309. nvsshww@gmail.com, commissioner.nvs@gov.in
3. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली– 110054 diredu@nic.in
4. लोक अनुदेशन निदेशक (स्कूल), केंद्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़–160017 dpi-chd@nic.in
5. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम –737101 directorhehrdd@gmail.com
6. स्कूली शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर–791111 dhearunachal@rediffmail.com
7. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर–744101 nocbseani@gmail.com
8. सेना शिक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक, ए–विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली – 110001 tmls-mod@nic.in
9. सचिव एडबल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, FDRC भवन संख्या 202, शंकर विहार (एपीएस के निकट), दिल्ली कैंट 110010 coordsection.aweshq@awesindia.edu.in
10. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार। nests-tribal@tribal.gov.in, commissioner.nests@tribal.gov.in
11. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, N-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक स्कूल, नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा 751005 parag.g@nic.in
12. नेवी एजुकेशन सोसाइटी (NES), नौसेना शिक्षा निदेशालय, वेस्ट ब्लॉक V, विंग II, फ्लोर II, आरके पुरम, सेक्टर 1, नई दिल्ली 110066. nesnavy@gmail.com
13. निदेशक, स्कूल शिक्षा निदेशालय, पुडुचेरी सरकार, 'A' ब्लॉक, I फ्लोर, पेरुंथलाइवर कामराज शताब्दी शैक्षिक परिसर, 100 फुट रोड, अन्ना नगर, पुडुचेरी – 605 005. dse-edn@py.gov.in
14. प्रधान निदेशक, स्कूल शिक्षा, स्कूल शिक्षा निदेशालय, अपर बायावु हिल, कोहिमा, नागालैंड– 797121 dio-khm@nic.in,
DirectorateSE@gmail.com, examInfoDose@gmail.com
15. निदेशक, स्कूल शिक्षा लद्दाख, कमरा नंबर 101, 102, ग्राउंड फ्लोर, काउंसिल सचिवालय, कुरबाथांग, कारगिल – लद्दाख 194103. dseladakh@gmail.com
16. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, त्रिपुरा सरकार, शिक्षा भवन, अगरतला, त्रिपुरा 799001 director.sed-tr@gov.in
17. निदेशक, स्कूल शिक्षा, ईएसएस सेक्टर, ईटानगर– 791111 secyeduap@gmail.com
18. अध्यक्ष के उप सचिव, अध्यक्ष, सीबीएसई की सूचना हेतु।
19. बोर्ड के सभी विभागाध्यक्ष।
20. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को अपने–अपने क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्ध सभी स्कूलों के प्राचार्यों को भेजें।
21. वेब एडमिन, इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करें। 22. मीडिया एवं जनसंपर्क, सीबीएसई - उचित प्रसार एवं प्रचार हेतु।
cbsemediapr@cbseshiksha.in